हिंद एकता टाइम्स

महाराष्ट्र के देवपुर में नकली देशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 4 लाख की सामग्री जब्त

देवपुर: महाराष्ट्र के देवपुर में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पश्चिम देवपुर थाने की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली देशी शराब की फैक्ट्री को नष्ट कर दिया है। इस दौरान चार लाख रुपए से अधिक की देशी शराब बनाने वाली सामग्री जब्त किया गया।

दरअसल, सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश रेड्डी को खुफिया पोर्टल के माध्यम से इस शराब फैक्ट्री की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पश्चिम देवपुर थाना की टीम ने सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश शिरासाथ के नेतृत्व में छापेमारी की।

Source: https://www.hindektatimes.com/52828/#google_vignette